न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट मांगरोल जिला बारां

प्रकरण सख्या : 16/2021

लाड कंवर पुत्री माधोलाल जाति कलाल निवासी मऊ तहसील मांगरोल

.......वादनी

♠ बनाम ♠

राजस्थान सरकार जर्ये तहसीलदार मांगरोल जिला बारां (राज0)

....प्रतिवादी

<u>वाद अन्तर्गत धारा 88, 89 आर0टी0एक्ट0</u>

पीठासीन अधिकारी : श्री शत्रुघ्न सिंह गुर्जर (आरएएस)

वकील वादनी : श्री महेन्द्र सिंह हाडा

दायरा दिनांकः 21.01.2021 — निर्णय दिनांक : 02.10.2021

प्रस्तुत वाद का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि शामलाती खाते की आराजी खाता संख्या 337 खसरा नं0 1160 रकबा 0.74 है0, खसरा नं0 1161 रकबा 0.36 है0, खसरा नं0 1174 रकबा 0.49 है0 कुल किता 3 कुल रकबा 1.59 है0 हिस्सा 1/4 एवं आराजी खाता संख्या 336 खसरा नं0 1162 रकबा 0.35 है0, खसरा नं0 1173 रकबा 0.49 है0, खसरा नं0 827 रकबा 0.01 है0 कुल किता 3 कुल रकबा 0.85 है0 हिस्सा 1/30 वाके ग्राम मऊ तहसील मांगरोल में स्थित है। जिसमें वादनी का नाम लाड कंवर के स्थान पर लाड बाई दर्ज हो रहा है। जबकि वादनी का वास्तविक नाम लाड कंवर पुत्री माधोलाल है। जिसको वादनी लाडबाई पुत्री माधोलाल के स्थान पर लाड कंवर पुत्री माधोलाल दुरूस्त करवाने की कानूनी अधिकारी है। वादनी का नाम अन्य दस्तावेज मतदाता पहचान–पत्र, आधार कार्ड, जनआधार, पेन कार्ड आदि में लाड कंवर पुत्री माधोलाल दर्ज हो रहा है। इसलिए अपना नाम राजस्व रेकार्ड में लाडबाई पुत्री माधोलाल के स्थान पर लाड कंवर पुत्री माधोलाल दर्ज करवाने की घोषणा करवाने की अधिकारी है। अतः उक्त विवादित आराजी के राजस्व रेकार्ड में वादनी का नाम लाडबाई पुत्री माधोलाल के स्थान पर लाड कंवर पुत्री माधोलाल दुरूस्त किया जाकर प्रतिवादी को राजस्व रेकार्ड में अमल दरामद करने के आदेश दिये जावें।

उक्त आशय का वाद प्रस्तुत होने पर प्रकरण दिनांक 21.01.2021 को दर्ज रजिस्टर किया जाकर पत्रावली का अवलोकन किया। तहसीलदार मांगरोल को जांच रिपोर्ट हेतु लिखा गया। तहसीलदार मांगरोल से प्राप्त रिपोर्ट क्रमांक–राजस्व/2021/201 दिनांक 07.04.2021 के अनुसार लाडबाई पुत्री माधोलाल जाति कलाल को लाड कंवर पुत्री माधोलाल जाति कलाल के नाम से ही जाना पहचाना जाता है। उपस्थित व्यक्तियों द्वारा बताया गया कि उक्त महिला को लाड कंवर के नाम से ही जाना जाता है । अतः राजस्व

उप खण्ड अधिकारी
मांगरोल जिला बारां (राज०)

Scanned by CamScanner

रेकार्ड में उक्त वादनी का नाम लाडबाई पुत्री माधोलाल जाति कलाल के स्थान पर लाड कंवर पुत्री माधोलाल जाति कलाल सा0 देह दर्ज किया जाना उचित है।

अतः पत्रावली के अवलोकन, तहसीलदार मांगरोल (लैण्ड होल्डर) जो राज्य सरकार का पैरोकार है की रिपोर्ट एवं संलग्न दस्तावेजो तथा बयान गवाहान वादी स्वयं व सह खातेदार ओमप्रकाश पुत्र माधोलाल जाति कलाल निवासी मऊ के आधार पर आराजी खाता संख्या 337 खसरा नं0 1160 रकबा 0.74 है0, खसरा नं0 1161 रकबा 0.36 है0, खसरा नं0 1174 रकबा 0.49 है0 कुल किता 3 कुल रकबा 1.59 है0 हिस्सा 1/4 एवं आराजी खाता संख्या 336 खसरा नं0 1162 रकबा 0.35 है0, खसरा नं0 1173 रकबा 0.49 है0, खसरा नं0 827 रकबा 0.01 है0 कुल किता 3 कुल रकबा 0.85 है0 हिस्सा 1/30 वाके ग्राम मऊ तहसील मांगरोल की राजस्व जमाबंदी में दर्ज वादनी का नाम लाडबाई पुत्री माधोलाल जाति कलाल के स्थान पर लाड कंवर पुत्री माधोलाल जाति कलाल दुरूस्त किये जाने के आदेश दिये जाते है, एवं इसके साथ–साथ यदि वादनी के पुराने नाम को लेकर किसी प्रकार के कोई आपराधिक या अन्य विवाद न्यायालय जैरकार हो उसके लिए वादनी स्वयं जिम्मेवार होंगी। पत्रावली फैशल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 02.10.2021 को प्रशासन गावों के संग अभियान–2021 कोर्ट केम्प उदपुरिया मजमेंआम में सुनाया गया।

उप खण्ड अधिकारी मांगरोल

(शत्रुघ्न सिंह गुर्जर)
उपखण्ड अधिकारी
मांगरोल

Scanned by CamScanner